**दिल्ली-एनसीआर में 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा, महसूस होगी हल्की ठंड; 9 मार्च को बादल देंगे दस्तक**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आने वाले पांच दिनों तक मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के जिला-वार पूर्वानुमान के अनुसार 5 से 9 मार्च के बीच दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में आसमान साफ रहेगा, जबकि 9 मार्च को आंशिक रूप से बादल छाने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में दिल्ली के उत्तर, उत्तर-पूर्व, उत्तर-पश्चिम, पश्चिम, दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-पूर्व, मध्य और पूर्वी जिलों के साथ ही नई दिल्ली क्षेत्र में भी लगभग समान मौसम रहने की संभावना है। दिन के समय 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलेंगी.


बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 131 ● नई दिल्ली ● शुक्रवार 06 मार्च 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4



रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन

बी-2/370, सुल्तानपुरी

दिल्ली-86


## कनॉट प्लेस में खिला बसंत - सीएम रेखा गुप्ता ने किया भव्य पुष्प महोत्सव का उद्घाटन, उमड़ी दिल्ली वालों की भीड़

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली का सेंट्रल पार्क इन दिनों रंगों और खुशबुओं से गुलजार है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित चार दिवसीय पुष्प महोत्सव का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इस आयोजन में 15,500 से अधिक गमलों में 48 अलग-अलग किस्म के फूल सजाए गए हैं, जिससे पार्क एक जीवंत और रंग-बिरंगे फ्लोरल गैलरी में बदल गया है। उद्घाटन समारोह में पालिका परिषद के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, सदस्य अनिल वाल्मीकि और सचिव राहुल सिंह भी मौजूद रहे। उद्घाटन के साथ ही पार्क में मौजूद लोग फूलों की रंगीन छटा और खुशबू का आनंद लेने लगे।

**ट्यूलिप अब दिल्ली में**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पहले ट्यूलिप देखने के लिए दिल्लीवासियों को कश्मीर जाना पड़ता था, लेकिन अब एनडीएमसी हर साल राजधानी में ही ट्यूलिप की बहार लाता है। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव अब सेल्फी फेस्टिवल का रूप ले चुका है, जहां लोग फूलों के बीच फोटो खिंचवाकर यादगार पल बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने फाल्गुन महीने के महत्व पर भी बात की और कहा कि यह महीना रंगों और उमंग का प्रतीक है। उन्होंने बागवानी विभाग के कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कोशिशों से सेंट्रल पार्क में हर कोना फूलों से महक उठा है।

**परंपरा और आधुनिकता का संगम**



पालिका परिषद के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने बताया कि फाल्गुन और होली के अवसर पर राजधानी को फूलों से सजाना एनडीएमसी की पुरानी परंपरा है। बागवानी विभाग के कर्मचारी महीनों की तैयारी के बाद यह महोत्सव आयोजित करते हैं। उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि जी-20 और हालिया एआई समिट जैसे बड़े आयोजन के दौरान नई दिल्ली की सजावट ने विदेशी मेहमानों को भी प्रभावित किया।

**महोत्सव की विशेषताएं**

इस पुष्प महोत्सव में 18 अलग-अलग सेक्शन बनाए गए हैं, जिनमें 15,500 से अधिक गमलों में डहलिया, पेटुनिया, पैंसी, साल्विया और मैरीगोल्ड जैसे मौसमी फूल सजाए गए हैं। फूलों से बने जानवरों और पक्षियों के आकार, ट्रे गार्डन, बड़े हैंगिंग बास्केट, टेरारियम और ईस्टर्न-वेस्टर्न स्टाइल की सजावट दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हैं।

**सेल्फी पॉइंट और म्यूजिकल फाउंटेन**

पार्क में पिरामिड, हार्ट शेप और सिलिंड्रिकल फ्लोरल स्ट्रक्चर जैसे आकर्षक सेल्फी पॉइंट बनाए गए हैं। शाम के समय रंगीन रोशनी के साथ म्यूजिकल फाउंटेन पूरे माहौल को और मनमोहक बना देता है। पार्क का हर कोना बसंती उत्सव का एहसास कराता है।

**बागवानी प्रेमियों के लिए विशेष**

महोत्सव में नर्सरी प्लांट्स, बोनसाई, हाइड्रोपोनिक्स, कैक्टस-सक्यूलेंट और हर्बल पौधे के स्टॉल लगाए गए हैं। आगंतुक बीज, गमले, फर्टिलाइजर और सजावटी सामग्री भी खरीद सकते हैं। इस तरह यह महोत्सव न सिर्फ देखने के लिए, बल्कि बागवानी के शौकीनों के लिए भी उपयोगी है।

**आम जनता के लिए खुला**

चार दिवसीय पुष्प महोत्सव 6 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। प्रवेश निःशुल्क है। एनडीएमसी ने लोगों से अपील की है कि वे परिवार और मित्रों के साथ आकर फूलों की खूबसूरती और खुशबू का आनंद लें और बसंती मौसम का स्वागत करें।

## सीएम रेखा ने कश्मीरी गेट के पास नए फुट ओवर ब्रिज की नींव रखी, पैदल यात्रियों को मिलेगी सुविधा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के मठ बाजार में नए फुट ओवरब्रिज की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री के अनुसार, इस सुविधा को साल के अंत तक चालू करने के लिए निर्माण कार्य समयसीमा का सख्ती से पालन किया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यहां के लोगों ने पिछली सरकार से सैकड़ों बार यह मांग की थी। आज, हमारी सरकार के कम समय के कार्यकाल में ही, हम यहां के लोगों की इस मांग को पूरा करने जा रहे हैं... बहुत जल्द, सिर्फ 6 महीनों में, यह पुल बनकर तैयार हो जाएगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली कार्यक्रम में कई महिला-केंद्रित पहलों का शुभारंभ किया, जिनमें राशन कार्ड धारकों के लिए मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना और दिल्ली लखपति बिटिया योजना शामिल हैं। शिक्षा, गतिशीलता और घरेलू सशक्तिकरण पर जोर देते हुए, उन्होंने घोषणा की कि लाडली-लाडली योजना के तहत 30,000 लड़कियों के लिए धनराशि डीबीटी के माध्यम से वितरित कर दी गई है। इससे पहले फरवरी में, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में एक आधुनिक इलेक्ट्रिक डबल-डेकर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसका उद्देश्य शहर के पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करना और पर्यटकों को एक अनूठा यात्रा अनुभव प्रदान करना है। मुख्यमंत्री के अनुसार, यह बस दिल्ली के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धरोहर स्थलों को कवर करने वाले एक निश्चित पर्यटन सर्किट पर चलेगी। उद्घाटन मार्ग शहीद स्मारक से शुरू होता है और इसमें प्रधानमंत्री संग्रहालय जैसे स्थान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम एक नया पर्यटन मार्ग विकसित कर रहे हैं ताकि हमारे पर्यटक प्रधानमंत्री संग्रहालय जैसे स्थानों का भ्रमण कर सकें... इन बसों के लिए पहले से बुकिंग संभव होगी और पर्यटक एक शानदार अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। गुप्ता ने पर्यटन विभाग को बधाई दी और राजधानी के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार हर दिन दिल्ली के लिए एक नया उपहार, एक नई पेशकश लेकर आती है। एक साल पूरा हो चुका है और अभी बहुत कुछ करना बाकी है। हम एक विकसित दिल्ली की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

## पीएम मोदी और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के बीच हैदराबाद हाउस में हुई खास मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार, 5 मार्च 2026 को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को एक नई ऊंचाई पर ले जाना और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते खोलना था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने बहुआयामी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए विस्तृत बातचीत की। इस चर्चा में क्षेत्रीय और वैश्विक चिंता के मुद्दों के साथ-साथ बहुपक्षीय मंचों पर आपसी तालमेल को लेकर भी विचार साझा किए गए। द्विपक्षीय बैठक के बाद, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति स्टब के सम्मान में दोपहर के भोजन की मेजबानी की। प्रधानमंत्री से मिलने से पहले, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति स्टब से मुलाकात की।

उन्होंने आगामी रायसीना डायलॉग में राष्ट्रपति के संबोधन के प्रति उत्साह व्यक्त किया। इससे पूर्व, फिनिश राष्ट्रपति ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर बुधवार को भारत पहुंचे। यह पद संभालने के बाद उनका पहला भारत दौरा है। उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है, जिसमें प्रमुख मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और दिग्गज व्यापारिक नेता शामिल हैं। राष्ट्रपति स्टब दिल्ली में चल रहे इस 11वें संस्करण के मुख्य अतिथि हैं और वह यहाँ कीनोट एड्रेस देंगे। वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से भी शिष्टाचार भेंट करेंगे। दिल्ली के कार्यक्रमों के बाद, राष्ट्रपति मुंबई जाएंगे। वहाँ वे महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलेंगे। साथ ही, मुंबई विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करेंगे और एक व्यापारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। भारत और फिनलैंड के बीच संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। हाल ही में फरवरी 2026 में फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के भारत दौरे के बाद, राष्ट्रपति स्टब की यह यात्रा दर्शाती है कि दोनों देश आपसी सहयोग और जन-जन के बीच जुड़ाव को और गहरा करने के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं।

## दिल्ली में 15 घंटे में आग की 4 बड़ी घटनाएं, 3 की मौत और करोड़ों का नुकसान; कई घंटों तक जूझी फायर ब्रिगेड

**नई दिल्ली।**

राजधानी दिल्ली में पिछले करीब 15 घंटों के भीतर आग लगने की चार बड़ी घटनाओं ने एक बार फिर शहर की फायर सेफ्टी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उत्तरी दिल्ली के व्यस्त कारोबारी इलाके सदर बाजार में पहली घटना हुई, जिसके बाद रिठाला, महिपालपुर और मेहरौली-बदरपुर रोड पर भी आग की घटनाएं समाने आईं। इन हादसों में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोगों का सामान और संपत्ति जलकर राख हो गई। उत्तरी दिल्ली के Sadar Bazar स्थित बारा टूटी चौक के पास बुधवार शाम चार मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, जिसके बाद चौथी मंजिल पर रखे प्लास्टिक के खिलौनों में आग फैल गई। करीब 20 दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन इमारत की तलाशी के दौरान दो जले हुए शव बरामद हुए। आशंका है कि इमारत में काम करने वाले श्रमिक वहां रहते भी थे। घटना के दौरान मौके पर भीड़ उग्र हो गई और



दमकलकर्मियों पर पथराव कर दिया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और दमकल की एक गाड़ी का शीशा टूट गया।

**रिठाला मेट्रो के पास झुग्गियों में आग, 100 से यादा झोपड़ियां जलीं**

दूसरी घटना उत्तर-पश्चिम दिल्ली के Rithala Metro Station के पास हुई, जहां देर रात झुग्गियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और 100 से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गईं। दमकल विभाग की 20 से अधिक गाड़ियों ने करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में एक युवती की मौत हो गई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। तीसरी घटना दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के Mahipalpur इलाके के रंगपुरी में सामने आई, जहां कपड़ों के एक वेयरहाउस में आग लग गई। यह गोदाम विभिन्न स्थानों पर कपड़ों का सामान भेजने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। सुबह करीब 10:20 बजे आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली, जिसके बाद 9 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मी करीब चार घंटे तक आग बुझाने में जुटे रहे। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन गोदाम में रखा सामान जलने से भारी नुकसान की आशंका है। चौथी घटना दक्षिणी दिल्ली के महरौली-बदरपुर रोड पर हुई, जहां गुरुवार सुबह एक बस में अचानक आग लग गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। देखते ही देखते पूरी बस आग की चपेट में आ गई और जलकर खाक हो गई। हालांकि चालक और परिचालक की सतर्कता से सभी यात्रियों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।झ लगातार सामने आ रहीं आग लगने की घटनाओं के बाद राजधानी में फायर सेफ्टी, अवैध वायरिंग, ओवरलोडेड बिजली कनेक्शन और फायर एनओसी की स्थिति पर सवाल उठने लगे हैं। खासकर घनी आबादी वाले बाजारों, गोदामों और झुग्गी बस्तियों में आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की समस्या बार-बार सामने आती रही है।

दमकल विभाग और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी घटनाओं की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर कई मामलों में शॉर्ट सर्किट को कारण माना जा रहा है, जबकि कुछ जगहों पर अवैध वायरिंग और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैलने की आशंका जताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद जहां भी लापरवाही सामने आएगी, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## ईरानी जहाज डूबने पर जयराम रमेश ने केंद्र को घेरा, कहा - इतनी डरपोक सरकार कभी नहीं देखी



**नई दिल्ली।** हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत IRIS Dena को डुबोए जाने की घटना ने भारत में एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस मामले पर केंद्र सरकार की चुप्पी को आड़े हाथों लेते हुए इसे अब तक की सबसे डरपोक और भयभीत सरकार करार दिया है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर सरकार के रुख की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई के भारत के लिए बेहद गंभीर निहितार्थ हैं, लेकिन ताजुब है कि अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ईरान में हुए लक्षित हमलों पर भी खामोशी नहीं तोड़ी थी, जिससे यह सरकार रणनीतिक रूप से कमजोर नजर आ रही है। जयराम रमेश ने याद दिलाया कि 19 से 25 फरवरी 2026 तक विशाखापत्तनम में आयोजित भारतीय नौसेना के प्रतिष्ठित मिलन अभ्यास में अमेरिका और ईरान, दोनों ने अपने युद्धपोतों के साथ हिस्सा लिया था। इस अभ्यास का उद्घाटन स्वयं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया था। अभ्यास खत्म होने के कुछ ही दिनों बाद, श्रीलंका के गॉल से लगभग 40 समुद्री मील दूर अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा उसी ईरानी जहाज को डुबो दिया गया जो भारत का मेहमान बनकर आया था। रमेश ने इसे असाधारण और चिंताजनक बताया। इससे पहले राहुल गांधी ने भी पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि पश्चिम एशिया का युद्ध अब हमारे घर तक पहुंच गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव से भारत की 40फीसदी तेल और गैस आपूर्ति ठप हो सकती है। श्रीलंका की नौसेना ने गॉल के दक्षिण में चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में अब तक 87 शव बरामद किए हैं। जहाज पर करीब 180 लोग सवार थे, जिनमें से केवल 32 लोगों को बचाया जा सका है। ईरान ने इसे समुद्र में किया गया अत्याचार- बताया है और अमेरिका को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है।

# सीरत वेलफेयर कमेटी ने खामनेई की शहादत पर व्यक्त किया शोक

बहराइच।

सामाजिक संगठन सीरत वेलफेयर कमेटी (रजि0) की एक आपात बैठक शहर के मोहल्ला काजीपुरा स्थित मिल्ली काम्पलेक्स सभागार में संगठन के उपाध्यक्ष मिर्जा शकील बेग की अध्यक्षता एवं मुतवल्ली ईदगाह इशरत महमूद खान की सरपरस्ती में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई की इजरायली हमले में हुई मौत पर उन्हें श्रद्धांजलि पेश कर संवेदनाएं व्यक्त की गईं। इस सभा का शुभारंभ मौलाना शाहिद अख्तर के कुरान पाठ से हुआ।इसके बाद मुतवल्ली ईदगाह इशरत महमूद खान ने अपने संबोधन में कहा कि ईरान के मजहबी रहनुमा अयातुल्लाह अली खामनेई जुल्म के खिलाफ और मिल्लत के इत्तेहाद के लिए लड़ते हुए शहीद हुए हैं,उन्हें



इतिहास में सदियों याद रखा जाएगा।मौलाना अकील उल्लाह शाहिद नदवी ने कहा कि खामनेई साहब जालिमों के सामने झुके नहीं बल्कि शहादत हासिल कर पूरी दुनिया को जो पैगाम दिया है उसे हमेशा याद रखा जाएगा।बैठक की अध्यक्षता कर रहे मिर्जा शकील बेग ने शहीद खामनेई साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरी दुनिया में अमेरिका व इजरायल की तानाशाही के साथ ही खामनेई साहब की मौत पर रंजो गम है।उन्होंने कहा कि 86 बरस के बुजुर्ग ने बगैर डरे जिस तरह मुकाबला करते हुए शहादत पाई है वह इतिहास में दर्ज होगा। इस



अवसर पर संगठन के सचिव शादाब हुसैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खामनेई साहब की मौत से पूरी दुनिया के मुसलमान और मानवतावादी लोग दुखी हैं। उन्होंने हमेशा शांति-भाईचारा एवं फिलिस्तीनियों के पक्ष में सुपर पावर अमेरिका व इजराइल जैसे जालिमों के मुकाबले मुजाहिदाना किरदार अदा करते हुए अपनी व अपने परिवार की कुर्बानी देकर इस्लाम को शर्मिंदा नहीं होने दिया बल्कि शहीद होना पसंद किया। अंत में भारत के प्रधानमंत्री का अत्याचारी देशों के समर्थन में रहने तथा देश के बड़े मुस्लिम संगठनों व धार्मिक गुरुओं की खामोशी की निंदा की गई।इस बैठक में हाजी आसिफ आलम खान ( संरक्षक), डॉ0 अजीमुल्ला खान (कोषाध्यक्ष), मोहम्मद अकरम एडवोकेट, मिर्जा शकील बेग, मौलाना मुजीब कासमी,डॉ0 अबरार उल हक, शादाब अंसारी, वली मोहम्मद व रियाज अहमद एडवोकेट आदि मौजूद रहे। सभा का समापन मौलाना शाहिद अख्तर चांद की दुआ से हुआ।

इसके अलावा शहर के मोहल्ला अकबरपुरा स्थित मस्जिद इमामिया से सुमैया माल तक अफसर हुसैन पूर्व सभासद के नेतृत्व में एक कैंडल मार्च निकल गया और काजीपुरा स्थित इमामबाड़ा नवाब साहब में ईसाले सवाब हेतु मजलिस आयोजित की गई जिसे इमामे जुम्मा मौलाना मोहम्मद मेहंदी साहब ने संबोधित किया।

# पति पहले पत्नी को मारा, फिर खुद भी दे दी जान

मुरादाबाद। जनपद में एक जनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां मझोला थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। बाद में उसी चाकू से खुद को जख्मी कर जान दे दी। दोनों के शव सोनकपुर ओवरब्रिज के पास पड़े मिले। महिला के मायके वालों का कहना है कि पति-पत्नी को 9 साल से ब'चा नहीं हो रहा था। इस वजह से दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। पति दूसरी शादी करने को कहता था तो पत्नी और भड़क जाती। होली वाले दिन शाम के समय मझोला पुलिस को सूचना मिली कि काशीराम कालोनी के जंगल में एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची तो एक युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा था।

घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां थोड़ी देर बाद ही उसकी मौत हो गई। बाद में पुलिस ने मौके पर जाकर और छानबीन की तो जहां युवक घायल अवस्था में मिला था उससे करीब 15 मीटर की दूरी पर एक महिला का शव पड़ा था, उसके गले पर धारदार हथियार के हमले के निशान मिले। कुछ दूरी पर एक बाइक भी खड़ी मिली। पुलिस ने बाइक नंबर की मदद से पड़ताल की तो युवक की पहचान सिविल लाइंस के नया गांव पीएसी रहने वाले 32 वर्षीय विनोद उर्फ विकी के रूप में हुई। जबकि मृतक महिला उसकी पत्नी ममता है। बाद में कहानी भी स्पष्ट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। दंपत्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# विश्व शांति के लिए वामपंथी संगठनों ने किया प्रदर्शन

मुरादाबाद।

ईरान पर अमेरिका इजराईल द्वारा किए जा रहे हमलों के विरोध में वामपंथी मोर्चा ने विश्व शांति के लिए ईरान पर होने वाले हमलों को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। मांगो के समर्थन में महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा गया है। देश के तमाम वामपंथी दलों के संयुक्त आह्वान पर मुरादाबाद में भी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी भाकपा माले भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी द्वारा संयुक्त रूप से ईरान पर अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए सैनिक हमलों में आम जनता के नरसंहार और वहां के सुप्रीमो अयातुल्लाह अली खामनेई सहित लगभग 50 सर्वो'च लीडर्स की साजिशन हत्या के विरोध में कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। वामपंथी नेताओं ने अपनी बात रखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड




## अमेरिका और इजराईल पर साधा निशाना

ट्रंप और इजरायली राष्ट्रपति बैजामिन नेतन्याहू की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों में ईरान की राष्ट्रीय संप्रभुता यूनाइटेड नेशन चार्टर और सभी अंतरराष्ट्रीय संधियों की खुलेआम अनदेखी की गई है डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू इस हद तक पगला गए हैं कि ईरानी सुप्रीमो सहित लगभग 50 शीर्ष नेताओं की साजिशन सामूहिक हत्या सहित तमाम अस्पतालों एवं स्कूलों पर हमला करके सैकड़ो स्कूली ब'चों और आम नागरिकों का नरसंहार करके युद्ध के सामान्य मानवीय नियमों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है अब इसराइल ने लेबनान पर भी हमला करके अपनी विस्तारवादी नीतियों को अंजाम दे दिया है। मांग उठाई गई है कि भारत सरकार को अपने दोस्त देश ईरान पर हुए इन अमेरिकी और इसराइली सैनिक हमलों की साफ तौर पर निंदा करनी चाहिए और विश्व शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ईरान पर हो रहे इन हमलों को रोकने की मांग करनी चाहिए। इस दौरान कामरेड थान सिंह, चंद्रपाल सिंह आजाद, कासिम अली खान, सुशील बिश्नोई एडवोकेट, शरीफ अहमद, शहाबुद्दीन, जुल्फिकार सैफी, याकूब सैफी, महिपाल सिंह एडवोकेट एसपी सिंह रोहताश राजपूत एवं लईक अंसारी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होली पर जुलूस में शामिल हुए मुस्लिम समाज के लोग



मुरादाबाद।

महानगर में होली का पर्व बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया। हर तरफ होली की धूम रही। होली के अवसर पर 84 घंटा मंदिर से एक भव्य जुलूस निकाला गया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें मुस्लिम समाज के लोगों को भी आमंत्रित किया गया, जिससे गंगा-जमुनी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने जुलूस का भव्य स्वागत किया । जुलूस का आयोजन हिंदू मंडल व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद कुमार जॉनी, अतुल कुमार सोती और एडवोकेट सुप्रीत खन्ना के नेतृत्व में किया गया। यह जुलूस 84 घंटा मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। मार्ग में श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां पुष्प वर्षा कर जुलूस का अभिनंदन किया गया। हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद नोमान मंसूरी ने अपनी टीम के साथ जुलूस का स्वागत किया। इस टीम में शत्रु, नौशाद वारसी, शाह आलम, मुख्तियार, सैय्यद राशिद अली, नसीम भाई और अनवार मालिक जैसे कई सदस्य शामिल थे। असालतपुरा चौराहे पर अतहर अंसारी ने भी जुलूस का भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एडीएम सिटी 'योति सिंह, सीओ सिटी सुनीता दहिया, सिटी मजिस्ट्रेट और अपर नगर आयुक्त सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली मुगलपुरा सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। पूरे आयोजन के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहा। शहरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सद्भाव का प्रतीक बताया।

# जनता सेवक समाज ने कराया होली मिलन समारोह- रोज़ा इफ्तार

मुरादाबाद।

जनता सेवक समाज मुरादाबाद की ओर से 69वां होली मिलन समारोह एवं रोजा इफ्तार का आयोजन सर्व धर्म सदभाव रूप में भांग वालों की धर्मशाला दरीबा पान मुरादाबाद पर आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मिर्जा अरशद बेग व सरपरस्ती सरदार गुरविंदर सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन मनोरमा गुप्ता,नीरज रस्तोगी व सुभाष चंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। होली मिलन समारोह के उपलक्ष में विनय शर्मा,अरविंद किशोर ,मनसूर उर रहमान, अतुल जौहरी , सुमित गुप्ता,मोहम्मद मजीद, पूनम गुप्ता,जुनैद एजाज एडवोकेट,डॉ दुर्गेश यादव, आदित्य कुमार एडवोकेट, विवेक अग्रवाल एडवोकेट,शकील खान, नीरज रस्तोगी, सूर्याश गुप्ता ,प्रदीप रस्तोगी, गजेंद्र मोहन शर्मा, दिव्यांश गुप्ता आदि ने संबोधित कर फूलों की होली खेली और सर्वधर्म सदभाव का परिचय देते हुए रोजा इफ्तार का आयोजन किया। बार एसोसिएशन मुरादाबाद के नव निर्वाचित युवा महामंत्री कपिल गुप्ता एडवोकेट को




मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम में अनेकता में एकता का समायोजन मिला। कार्यक्रम में हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज के मैनेजर मुफ्ती मोहम्मद आजम ,नागरिक जन कल्याण समिति के अध्यक्ष फिरोज खान ,हकीम रेहान अतीक सफदर नियाज़ी, बीके लक्ष्मी दीदी, मुकुल अग्रवाल आदि ने अपना विशेष संबोधन दिया तथा होली के ऐतिहासिक परिचय करते हुए आम जनता से उसके अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर जाबर खान,धर्मेंद यादव, चांद खान, हाजी मो वसीम,मो तालिब,लक्ष्मी चौहान, शैली गुप्ता,आसिफ चौधरी, डॉक्टर मो अज़हर,आदेश रस्तोगी,डॉ दुर्गेश यादव,प्रदीप रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।अंत मे सुभाष चंद्र गुप्ता महामंत्री जनता सेवक समाज ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

